॥ ओ३म् तत्सत् ॥

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ४ — अंक ४

Year 4 — Number 4

श्री रामचन्द्र मिशन शाहजहाँपुर (उ० प्र०)

(भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission

Shahjahanpur. U. P. (India)

सम्पादक मंडल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहांपुर

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) — एक अंक १)

प्रकाशक—श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट, शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूची

विषय	लेखक	पृष्ठ संख्या
१—प्रार्थना		१
२—सम्पादकीय-अनन्त यात्रा		२
३—सहज मार्ग की शिक्षा पद्धति	श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन	१३
४—अनन्त यात्रा (क्रमागत)		१७
५—सुख तो है लेकिन चैन नहीं	कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी	२१
६—पानी के प्रयोग	काशीराम अग्रवाल	२६
७—भजन	संध्या	३१
८—स्तवन	श्वेताश्वेतर उपनिषद् से उद्धृत	३२
९—Meditation on Heart	Shri Ram Chandra Ji President, S. R. C. M.	33
१०—Meditation	Shri Raghavendra Rao	36
११—Talks on Shri Babu Ji's Commentary on Ten Commandments of the Sahaj Marga Commandment 5 & 6 by Dr. K. C. Varadachari M, A., Ph. S.		42
१२—Misunderstandings about yoga IV Sadhana Chatushtaya	Shri Ishwar Sahai	53
१३—Priceless Gems	Shri Ram Das Chaturvedi, Advocate	57

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

सहज मार्ग

उत्तिष्ठम जाग्रम प्राप्य बरान्निबोधत ।
(उठो! जागो! गुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो ।)

वर्ष ४ Year 4] पौष शाकाब्द १८८२, सं० २०१८ विक्रमी December 1960 [अङ्क ४ No. 4

॥ प्रार्थना ॥

हे नाथ, तू ही मनुष्य–जीवन का ध्येय है ।

हमारी इच्छाएँ हमारी उन्नति में बाधक हैं ।

तू ही हमारा एक मात्र स्वामी और इष्ट है ।

बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

[श्री रामचन्द्र मिशन की दैनिक प्रार्थना]

सम्पादकीय :—

अनन्त यात्रा

किसी भी विषय के वैज्ञानिक अध्ययन में अनुभवों के वस्तुगत विवरण (Objective Description of experiences) का अत्याधिक महत्व है। अत: अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक साधना में भी स्थितियों के कम-बद्ध चित्र की मांग की जाती है। स्थितियों का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करने का प्रयास लगभग सभी साधना-पद्धतियों में किया गया है। किन्तु इन विभिन्न विवरणों में अनुभव के विशेष पक्षों पर बल पाया जाता है : कहीं दिव्य रङ्गों, स्वरों आदि का अनुभव अध्यात्मिक उन्नति का चिन्ह माना गया है, कहीं अद्भुत सिद्धियों और शक्तियों की प्राप्ति को महत्व दिया गया है, कहीं चित्त की स्थिरता और बुद्धि की निर्मलता में उत्तरोत्तर बृद्धि पर बल है, और कहीं सूक्ष्म से सूक्ष्मतर आनन्द के अनुभव को यात्रा की प्रगति का द्योतक माना गया है। स्थूल-शरीर-सम्बन्धी अनुभवों की भी उपेक्षा नहीं हुई है, बल्कि चक्रों और नाड़ियों का सम्बन्ध प्रधानत: स्नायुविक-आंतरङ्गिक-ग्रान्थि-संस्थान (Neuro-vascular-glandular system) की क्रियाओं से हो रहा है, जिसके परिणामस्वरूप अनेक आधुनिक पाश्चात्य शरीर-शास्त्री हठ-योग की साधना-पद्धति में रुचि रखते हैं।

यात्रा के विवरणों की ऐसी भिन्नतायें यात्रियों की वैयक्तिक विभिन्नताओं का परिणाम होती हैं। यात्रा का वर्णन निरीक्षण (Observation) और अभिव्यक्ति (Expression) पर निर्भर होता है जो यात्री की रुचि और मानसिक क्षमता के द्वारा चुनाव (Selection) और संश्लेष (orgenisation) पर आश्रित होते हैं। इन सामान्य (general) कठिनाइयों के अतिरिक्त अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक साधना-सम्बन्धी यात्रा का विवरण प्रस्तुत करने में कई विशिष्ट कठिनाइयां भी आती हैं :—

(१) अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या का विषय अन्य साधारण निरीक्षण

के विषयों की तुलना में अत्यधिक सूक्ष्म और विरल है, अत: तत्सम्बन्धी निरीक्षण के लिये विशेष सावधानी और अभ्यास की अपेक्षा होती है।

(२) अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक साधना व्यक्तित्व को स्वस्थ और अतिसाधारण (super normal) दिशा में विकसित करती है, जो साधारणत: आत्म-श्लाघा और आत्म-प्रशंसा का भाव उत्पन्न करती है। ऐसी स्थिति में वैज्ञानिक निरीक्षण की तटस्थता (objectivity) कायम नहीं रह पाती। परिणामत: अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक यात्रा का वैज्ञानिक दृष्टि से विश्वसनीय वस्तुगत विवरण (Reliable objective account) अत्यन्त दुलभ है।

(३) मानव-चित्र और इच्छा की सृजनशीलता के परिणामस्वरूप आध्यात्मिक और ब्राह्मी स्थितियों के स्वाभाविक रूप में आने से पूर्व ही उनके कृत्रिम रूप में उत्पन्न किये जाने की सम्भावना रहती है। आत्म-श्लाघा की प्रेरणा इस सम्भावना को और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करती है। परिणामत: 'वैराग्यं', 'नष्काम कर्तव्यपरायणता', 'लोककारुण्य' 'निर्वाण', यहां तक कि 'पूर्णत्व' जैसी आध्यात्मिक और ब्राह्मी स्थितियों को हस्तगत कर चुकने की घोषणा करने वाले अनेक विक्षिप्त और प्रवञ्चक महानुभाव यत्र तत्र उपलब्ध हैं, और उपर्युक्त उच्च स्थितियों के प्रहसनात्मक रूप प्रस्तुत करने में संलग्न हैं, जिसके कारण स्वयं अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या सच्चे और सदाशयी वैज्ञानिकों के लिये जुगुप्सा और तटस्थता (Indifference) का विषय बन गये हैं। इतना ही नहीं अनेक साधारण मनुष्य भी साधना से नितान्त अपरिचित अथवा कुछ पूजा, जप, तीर्थ-स्नान, प्रवचन, श्रवण आदि करके उपर्युक्त स्थितियों पर अपना स्वत्व समझने लगते हैं, और सुने सुनाये ज्ञान के आधार पर प्राप्त किसी स्थिति का काल्पनिक रूप कृत्रिम ढङ्ग से अपने स्वभाव में प्रतिष्ठित करके उसे तत्सम्बन्धी स्थिति का वास्तविक रूप समझने लगते हैं। ऐसी ही मनोवृत्ति साधना में प्रवृत्त होकर वास्तविक आध्यात्मिक और ब्राह्मी स्थितियों को प्राप्त करने में बाधक बन जाती है। इन स्थितियों के वास्तविक और अवास्तविक रूप में बहुत बड़ा अन्तर है, यद्यपि वह इतना सूक्ष्म है कि बिना दोनों का सावधान रूप से अनुभव प्राप्त किये, किसी प्रकार उसे ग्रहण नहीं किया जा सकता।

उदाहरणार्थ राजकुमार सिद्धार्थ में 'वैराग्य' और 'लोक कारुण्य' की प्रचुर मात्रा प्रारम्भ से ही मौजूद थी, किन्तु बुद्धत्व-प्राप्ति के बाद 'धर्म-मेघ' अवस्था में यह स्थितियां जिस रूप में उन्हें प्राप्त हुईं वह तो कुछ चीज ही और थी। जाने कितने लोग जाने कितनी तरह से अपने को 'अहिंसक' समझते हैं, किन्तु पातञ्जल योग सूत्र के 'अहिंसा प्रतिठाने तत्सान्निधौ वैरत्यागः' में जिस स्थिति को व्यक्त करने का प्रयास किया गया है, उसके उदय होने पर तो अभ्यासी के स्वाभाव की कोमलता का कोई वार पार ही नहीं रहता, अपना बड़े से बड़ा अहित करने वाले शत्रु के प्रति हृदय कृतज्ञता अनुभव करता है, और उसके लिये आशीष की धार फूटती है। ऐसी स्थिति में प्रतिष्ठित व्यक्ति के चारों ओर एक अहिंसात्मक परिवेश उत्पन्न होजाता है, जिसकी परिधि में जो भी आता है, उसपर वैसा ही प्रभाव पड़ता है। साराँश यह कि अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या को वैज्ञानिक स्तर पर अध्ययन और अन्वेषण के लिये सुलभ करने में वास्तविक स्थितियों का सम्भ्रम उत्पन्न करने वाली अवास्तविक स्थितियों की ओर से बहुत सतर्क रहने की आवश्यकता होगी।

(४) साधारण जीवन की दशा और आध्यात्मिक तथा ब्राह्मी स्थितियों में आन्तरिक दृष्टि से बहुत अधिक भेद होने पर भी बाह्य दृष्टि से लगभग नगण्य अन्तर होता है, जैसे कि आँख से देखने पर शकर मिले हुये और शकर न मिले हुये दूध में भेद। साधारण व्यक्ति और योगारूढ़ व्यक्ति दोनों ही दुःख का प्रसंग पैदा होने पर हर स्वीकृतः पैमाने की दृष्टि से लगभग समान रूप से ही दुःखी होते हैं, किन्तु दोनों में भेद बस इतना ही होता है कि योगारूढ़ व्यक्ति अपने आस्तित्व के उस अन्तरतम केन्द्रीय मेरु दण्ड से चिपका हुआ होता है, जिसे सुख दुःख आदि कोई भी द्वन्द छू नहीं पाते (यद्यपि वही इन सबका आधार है), जब कि साधारण व्यक्ति इसी द्वन्द को अपने आस्तित्व का केन्द्र बना कर उससे चिपका रहता है। अतः आन्तरिक स्थिति के परिवर्तनों का सम्यक् निरीक्षण करने के लिये अन्तर्मुखी दृष्टि की आवश्यकता रहती है, जिसका बहुत से लोगों में अभाव होता है। ऐसे लोगों की दृष्टि कोई स्थूल परिवर्तन तलाश करती रहती है, अतः

ऐसे अभ्यासी ऊबने लगते हैं, और या तो साधना को ही व्यर्थ समझने लगते हैं, या फिर कोई स्थूल साधना पद्धति अपना लेते हैं।

(५) इसी कठिनाई से सम्बद्ध एक और कठिनाई आध्यात्मिक विकास की गति के विषय में है। शारीरिक विकास की भाँति ही आध्यात्मिक विकास भी निरन्तर (continuous) होता है, यद्यपि उसकी गति कभी मन्द और कभी तीव्र होती है। अतः स्थितियों के परिवर्तन को ग्रहण करने केलिये अभ्यासी के निरीक्षण की योग्यता और गति विकास की गति के साथ समायोजित होना चाहिये। ऐसे समायोजन के अभाव में विकास की मन्द गति के समय अभ्यासी घबराने हैं कि उसकी प्रगति रुक गई है, (और ऐसा विचार उसकी इच्छा शक्ति को प्रभावित करके सचमुच अवरोध उत्पन्न करने लगता है), और विकास की तीव्र गति के समय इतना अभिभूत होजाता है कि अनेक स्थितियों के निरीक्षण का होश ही नहीं रहता। एक कठिनाई इसी विषय में और भी यह है कि शारीरिक विकास की मन्द और तीव्र गति का समय तो निश्चित रहता है, जैसे कि किशोरावस्था (Adolescence) आदि, अतः उस विशेष समय पर मन्द या तीव्र परिवर्तन का निरीक्षण करने के लिये पहले से तैयार रहा जासकता है। किन्तु आध्यात्मिक विकास का तीव्र अथवा मन्द होना 'सद्गुरु' 'प्राणाहुति', 'अभ्यास' और 'कृपा' आदि पर निर्भर होता है, अतः किसी भी एक स्थिति से दूसरी स्थिति तक पहुँचने में हजारों वर्ष भी कम होसकते हैं, और एक क्षण भी अधिक हो सकता है। एक ही साधना-पद्धति के कई अभ्यासियों द्वारा दिये गये विवरणों में बहुधा इसी कारण से भिन्नता दिखाई पड़ने लगती है।

(६) अभ्यासियों की अभिवृत्ति (attitude) अधिकाँश वैयक्तिक-अभिरुचि-प्रधान रहती है, अतः यात्रा का निर्वैयक्तिक (Impersonal) विवरण प्रस्तुत करना हर अभ्यासी के लिये सम्भव नहीं होता। अधिकतर अभ्यासी तो अन्तर्निरीक्षण के लिये बाध्य किये जाने पर 'बहुत अच्छी हालत रही', अथवा 'तबीयत लगी नहीं' से अधिक कुछ बता नहीं पाते। ऐसे वक्तव्यों के आधार पर यात्रा का कोई सुसम्बद्ध चित्र तैयार होपाना सम्भव नहीं हो सकता। साथ ही 'अपनी पसन्द' को 'यात्रा' से अधिक

महत्व देने लगता यात्रा की प्रगति में बाधक हो सकता है। यह बात किसी भी विषय के सम्यक् वैज्ञानिक अध्ययन पर लागू होती है, फिर अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या की तो विधि ही 'अपने को खोकर अपने वास्तविक रूप को पाना' है। अतः अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या में कुछ आगे चलकर 'समर्पण' से अधिक प्रभावशाली कोई अन्य तरीका है ही नहीं। 'अपनी पसन्द' किसी न किसी रूप में रहती अवश्य है, अन्यथा यात्रा पर कोई अग्रसर ही क्यों होने लगा, किन्तु कुछ आगे चलकर अपनी पसन्द यात्रा की सञ्चालक नहीं रह जाती, बल्कि इस के ठीक विपरीत यात्रा ही अभ्यासी की अपनी पसन्द की पथ प्रदर्शक बनजाती है।

(७) वैज्ञानिक अध्ययन की विधि तथ्यात्मक (Factual) होती है, न कि मूल्यात्मक (Valuative), यहां तक कि आधुनिक नीति शास्त्र (Ethies) और सौन्दर्य शास्त्र (Aesthetics) में भी 'सत्', 'शुभ', 'सुन्दर' आदि को वास्तविक जगत् के तथ्यों के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। किन्तु अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक साधना के अभ्यासी अधिकतर मूल्याङ्कनात्मक अभिवृत्ति ही लेकर चलते हैं। इस में तब तक कोई हर्ज भी नहीं, जब तक कि किसी विशिष्ट मूल्य के प्रति दुराग्रहपूर्ण आसक्ति न उत्पन्न होने लगे। उदाहरणार्थ 'अहिंसा' की हालत यात्रा के किसी विन्दु (Point) पर पैदा हुई, और अभ्यासी ने उस हालत में हृदय की कोमलता को उससे पहले की हालत की तुलना में कहीं अधिक श्रेष्ठ पाया, जैसा कि वह वास्तव में है। इतना निरीक्षण और इतनी रीझ उचित है, किन्तु यदि इस हालत के प्रति ऐसी आसक्ति पैदा होगई कि इसकी तुलना में राम और कृष्ण का युद्ध के लिये उद्योग अनुचित और हेय प्रतीत होने लगे, तो आध्यात्मिक प्रगति के लिये एक बन्धन उत्पन्न हो गया, जो यात्रा के वर्तमान विन्दु से आगे के विन्दु की ओर बढ़ने में बाधक बन जायेगा। सम्भव है कि अगले विन्दु पर हृदय की कोमलता का वैसा रूप न रह जाये, जैसा कि वर्तमान विन्दु पर है, किन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि अगला विन्दु वर्तमान विन्दु की तुलना में हेय है। अभ्यासी का कदम हमेशा आगे ही पड़ना चाहिये, अतः किसी भी

विशिष्ट मूल्य के लिये दुराग्रहपूर्ण आसक्ति यात्रा की प्रगति में बाधक होजाती है, और यात्रा का यथार्थ विवरण दे सकना कठिन होजाता है। ऐसी दुराग्रह-पूर्ण आशक्ति अत्यन्त सामान्य (Common) है और एक सच्चे सद्गुरु को श्रेष्ठ अभ्यासियों तक को इस दुर्बलता के विरुद्ध सचेत रखना पड़ता है, और बहुधा तो अभ्यासी को जबरदस्ती आगे बढ़ाना पड़ता है। अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक यात्रा में एक से एक बढ़ कर हालतें आती हैं, किन्तु कोई भी ऐसी हालत नहीं, जिससे आगे उससे श्रेष्ठ हालत मौजूद न हो। इसी लिये तो यह यात्रा अनन्त है, और अन्त भी जो जाने सो जाने, और जो हो सो हो। अभ्यासी को श्रेष्ठता के विषय में भी कोई पूर्व-निश्चित-धारणा बनाकर नहीं चलना चाहिये। अपने आप में श्रेष्ठ तो बस एक उसी की जात है, जो साधना का चरम लक्ष्य है, और उसी को छूकर सभी कुछ श्रेयस्कर बन जाता है।

(८) अन्त में एक सब से बड़ी कठिनाई यह आती है कि साधना के प्रारम्भ से ही अनुभवों की समुचित अभिव्यक्ति नहीं हो पाती, और काफी आगे पहूंच कर तो स्थितियों का अनुभव गूंगे का गुड़ ही बन जाता है। इतना ही नहीं, उन्हें किसी प्रकार व्यक्त करने का प्रयास उनका अनुभव न रखने वाले व्यक्ति को उनके विषय में विकृत धारणायें प्रदान करता है। इस विषय में बुद्ध का मौन प्रसिद्ध ही है। इस कठिनाई को दूर करने के दो उपाय सम्भव हैं, और दोनों उसका पूर्ण रूपेण निराकरण करने में असफल हैं। एक तो यह कि किसी विशिष्ट पारिभाषिक शब्दावलि का निर्माण न कर के साधारण बोल चाल की ही भाषा में उन उच्चस्तर की चेतना से सम्बन्धित अनुभवों को व्यक्त करने का प्रयास किया जाये। वैज्ञानिक अध्ययन विधि की दृष्टि से तो यह तरीका अनुचित है ही, किन्तु काम चलाने की दृष्टि से भी सम्भ्रम-कारक (Confusing) है। उदाहरणार्थ एक शब्द साधारण बोल चाल का 'हल्कापन' है, जिसे चित्त की स्थिति का वर्णन करने में इस्तेमाल किया जाता है, किन्तु प्रारम्भिक स्थितियों में जिस मनोदशा को व्यक्त करने के लिये यह शब्द प्रयोग किया जाता है, और बाद की स्थितियों में यह शब्द जिस मनःस्थिति का द्योतक है, उनमें केवल

परिणाम ही नहीं गुण की दृष्टि से भी बहुत अधिक अन्तर होता है। जिसने उन मन:स्थितियों का अनुभव स्वयं प्राप्त न किया हो, उसे यह साधारण बोलचाल का शब्द सम्भ्रम में ही डालता है, यद्यपि उन मनोदशाओं का अनुभव प्राप्त होने पर उसे स्वयं भी यही शब्द उन दशाओं का वर्णन करने के लिये सब से अधिक उपयुक्त प्रतीत होता है। ऐसी स्थिति में यह शब्द साधारण बोल चाल का होते हुये भी इस विशिष्ट संदर्भ में परिभाषिक बन गया है, लगभग संगीत के 'मिठास' की तरह। बहरहाल चेतना के एक विशेष स्तर पर प्राप्त अनुभव किसी अन्य स्तर के अनुभव की पारिभाषिक शब्दावली में व्यक्त करने से सम्भ्रम ही उत्पन्न करता है। दूसरा उपाय यह है कि प्रत्येक सम्पन्न विज्ञान की भांति अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या के पास भी अपनी विशिष्ट पारिभाषिक शब्दावलि (Technical Terminology) हो। आधुनिक पाश्चात्य मनोविज्ञान के इतिहास में एक समय यह बड़े विवाद का प्रश्न रहा है कि उसकी अपनी अलग पारिभाषिक शब्दावलि हो, या भौतिक शास्त्र (Physics) और शारीरिक-क्रिया-शास्त्र (Physiology) की पारिभाषिक शब्दावलि का प्रयोग उसके क्षेत्र की घटनाओं को भी व्यक्त करने के लिये पर्याप्त है। कुछ और पहले स्वयं जीव-विज्ञान Biology) में भी इसी प्रकार का विवाद था। अन्ततः सब विज्ञानों के पारस्परिक सम्बन्ध की अनिवार्यता स्वीकार करते हुये भी किसी न किसी सीमा तक प्रत्येक विज्ञान की अपनी अलग पारिभाषिक शब्दावलि का सिद्धान्त सर्वमान्य हुआ। अध्यात्म शास्त्र और ब्रह्म विद्या की भी अपनी विशिष्ट पारिभाषिक शब्दावलि है, किन्तु इस विद्या का क्रियात्मक अध्ययन (Experimental study) सम्मानित वैज्ञानिक स्तर पर अप्रचलित होजाने के परिणामस्वरूप उसकी पारिभाषिक शब्दावलि भी दुर्बोध और रहस्यात्मक बन गई है। उदाहरणार्थ 'समाधि' को ही ले लिया जाये। इस शब्द के जाने कितने विवेचन, जाने कितनी व्याख्यायें विद्वानों के बौद्धिक व्यायाम के परिणामस्वरूप उत्पन्न हुई हैं, यद्यपि चेतना की जिस स्थिति को यह शब्द व्यक्त करता है, उसका कोई अन्दाज उन व्याख्याओं और विवेचनों द्वारा प्राप्त नहीं होता। किसी क्रियात्मक और प्रयोगात्मक विषय के पारिभाषिक शब्दों का अर्थ तो प्रयोगात्मक विधि का

अनुसरण करने पर ही स्पष्ट हो सकता है। अंधेरे कमरे में बैठकर दीपक की चर्चा करते रहनेसे दीपक का प्रकाश कैसा होताहै, इसका अन्दाज नहीं हो सकता और यदि चर्चा करने वाले लोग जन्मान्ध हों, तब तो फिर कहना ही क्या! किन्तु यदि ऐसे जन्मान्धों की जमात में एकाध आंखों वाला जा फंसे, तब तो उसका पागल होना ध्रुव-सत्य प्रमाणित हो जायेगा, विशेषतः यदि उन सीधे सच्चे जन्मान्धों को अपनी काबिलियत पर किसी तरह का सन्देह करने का कोई कारण ज्ञात न हो। साराँश यह कि अनुभव की अभिव्यक्ति के विषय में कठिनाई अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या की दुर्बोधता और रहस्यात्मकता का एक मुख्य कारण है, जिसको दूर करने का एक ही उपाय है कि कुशाग्र बुद्धि और सच्चे सदाशयी वैज्ञानिक खुले मस्तिष्क से सच्चे विद्यार्थी के रूप में इस विषय का क्रियात्मक और प्रयोगात्मक अध्ययन प्रारम्भ करें।

इन कठिनाइयों को अध्ययन-विषयक सावधानियाँ निर्धारित करने में सहायक बनाना चाहिये। कठिनाइयां गिनाने का उद्देश्य यात्रा की दुर्गमता और विषय की दुर्बोधता का भय प्रदर्शित करना कदापि नहीं, क्योंकि दुर्गमता और दुर्बोधता तो साहस को चुनौती ही देती है, जिसे स्वीकार किया जाना ही शौर्य है।

अब एक प्रश्न यह पैदा होता है कि अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या विषयक यात्रा में किस बात के निरीक्षण पर विशेष ध्यान देना चाहिये। यों तो इस लेख के प्रारम्भ में ही हम देख चुके हैं कि अभ्यासी अपनी वैयक्तिक अभिरुचि के अनुसार घटनाओं का चयनात्मक निरीक्षण (Selective observation) करता है और अपनी वैयक्तिक क्षमता के अनुसार उनका संश्लिष्ट विवरण (organised account) प्रस्तुत करता है; किन्तु वास्तविक आध्यात्मिक और ब्रह्मविद्या-सम्बन्धी यात्रा की प्रगति का सर्व सामान्य (Most general) पैमाना बस यही है कि अभ्यासी का व्यक्तित्व उत्तरोत्तर सम्पूर्ण प्रकृति की मूल व्यवस्था के साथ एकरूप होता चला जाये। इसी बात को इस विद्या के श्रेष्ठतम आचार्यों ने बार बार विभिन्न पारिभाषिक शब्दावलि का प्रयोग करके दुहराया है।

बुद्ध का सम्यक-स्वरूप, गीता की युक्त अवस्था और सूफियों की एतदाली कैफियत और हम-आहन्गी की हालत सभी का अभिप्राय लगभग एक ही है। प्रकृति की मूल व्यवस्था के साथ एकरूपता में वृद्धि के साथ वही सब बातें व्यक्ति में भी विकसित होती जाती हैं, जो प्रकृति की व्यवस्था में हैं, उदाहरणार्थ एकरसता, समुचित नियमबद्धता, अक्षुण्ण शक्ति, सहजता, व्यापक उद्देश्यपूर्णता, रागद्वैष-शून्य क्रियाशीलता, स्वार्थपूर्ण प्रेरणा का अभाव आदि। सम्पूर्ण प्रकृति की मूल व्यवस्था के उस विशिष्ट विन्दु पर (जहां कि एक व्यक्ति स्थित है) जो कुछ भी सम्भावनायें हैं, वह साधना की प्रगति के साथ उत्तरोत्तर विकसित होती जाती हैं। साधक को इस विकास का अनुभव अनेक प्रकार से होता है: शारीरिक स्फूर्ति और स्निग्धता, व्यवहार-कुशलता, इन्द्रियों की अपने स्वाभाविक विषयों में उचित किन्तु अनासक्त प्रवृत्ति, भावनाओं और आवेगों की उदात्तता, शुद्धता और उपयुक्त क्रिया, वाणी की समरसता, मधुरता और प्रभावोत्पादकता, बुद्धि की प्रयासहीन स्वच्छता, इच्छा-शक्ति की निष्कम्प और सूक्ष्म अजेयता, चरम-लक्ष्य-प्राप्ति की आकुलता आदि में निरन्तर वृद्धि होती जाती है। संक्षेप में हर चीज का दिव्यरूप विकसित होता जाता है। कभी कभी अनुपम शक्तियों और सिद्धियों का भी अनुभव होता है, जो उपर्युक्त बातों के अन्तर्गत ही आजाती हैं, उदाहरणार्थ दूसरे के विचारों को जान लेने की सिद्धि बुद्धि की प्रयासहीन स्वच्छता के ही अन्तर्गत है, और शाप अथवा आशीर्वाद की शक्ति इच्छा की अजेयता के अन्तर्गत। यात्रा की प्रगति का एक मुख्य लक्षण यह है कि साधक में जिस बात की अनुचित कमी हो, उसमें वृद्धि होती जाये, और जिस बात की अनुचित अधिकता हो, उसमें कमी होती जाये: समत्व और संतुलन ही योग का चरम लक्ष्य है। यात्रा की प्रगति के साथ साथ अभ्यासी में वास्तविक मानवता निखरती जाती है, वह स्वयं अपना स्वामी बनता जाता है, और प्रकृति की समस्त शक्तियां धीरे धीरे उसकी दासता स्वीकार करती जाती हैं: भारतीय दर्शन का साधना पक्ष अन्तिम वास्तविकता का सुसंबद्ध शास्त्र तो है ही साथ ही मानव की अनन्त महिमा का महाकाव्य भी है। मानव की अनन्तता को सीमित करने वाली ग्रान्थियां जैसे जैसे खुलती

जाती हैं, वैसे वैसे उसके अनन्त मुक्त स्वरूप की दिव्य ज्योतिर्मयी दशायें विकसित होती जाती हैं।

निषेधात्मक शब्दों में इसी यात्रा का विवरण अविद्यामूलक भ्रान्तियों के क्षय के क्रमिक विकास के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। स्थूलरूप में जिसको हम अपना स्वरूप या जगत् का वास्तविक स्वरूप समझते हैं, वह मिटता जाता है, और उत्तरोत्तर एक नये सूक्ष्मतर स्तर की चेतना विकसित होती जाती है। अविद्या मूलक भ्रान्तियों को पार करने पर भी अहंता की चेतना शेष रह जाती है, जिसके दूर होने पर अन्तिम असलियत के केन्द्र में प्रवेश होता है, यद्यपि केन्द्र जो एक विन्दु के रूप में प्रतीत होता है, एक क्षेत्र होता है, जिस में फिर भी केन्द्र की खोज जारी रहती है। इस यात्रा में तो सभी कुछ लुटता जाता है, यहां तक कि ज्ञान और भक्ति और साधना आदि भी छूट जाते हैं, जैसे कि एक नदी पार करने के बाद नाव नदी में ही छूट जाती है।

स्नायु मण्डल (Nervous system) और तत्सम्बन्धी चेतना को ध्यान में रखते हुये भी यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया जा सकता है। स्वायत्त स्नायु संस्थान (Autonomic Nervous system) की विशिष्ट स्नायु-ग्रन्थियों को जाग्रत अवस्था में लाकर उनसे सम्बन्धित चेतना की स्थितियों और असाधारण शक्तियों की प्राप्ति के बाद मस्तिष्क के विभिन्न स्नायु केन्द्रों और ग्रन्थियों का विकास प्रारम्भ होता है, जो प्रधानतः बौद्धिक विकास से सम्बन्धित है। इसके बाद भी वास्तविकता के मूल केन्द्रीय रूप का विकास आता है। वास्तव में स्नायु मण्डल के विकास की सम्भावनायें अनन्त हैं। निम्नतर पशु से लेकर मनुष्य तक स्नायु मण्डल का विकास स्वयं ही एक रोचक कहानी है, और स्वयं साधारण मनुष्य में स्नायु मण्डल के लगभग ५, ६ प्रतिशत केन्द्रों की ही निश्चित क्रिया का पता आधुनिक शरीर-क्रिया-शास्त्रियों को है।

अन्त में योग की विकृतियों की ओर से सावधान रहना नितान्त आवश्यक है। अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या-विषयक यात्रा की प्रत्येक दिव्य स्थिति से मिलती जुलती मानसिक विकृतियाँ हैं, जिन के आत्म-प्रवंचक

शिकार हमारे देश में इतनी अधिक संख्या में हैं, कि उन्हें देखकर स्वयं अध्यात्म और ब्रह्म-विद्या सदाशयी वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से उपेक्षा का विषय बन गयी है। सच्ची स्थिति और उसकी विकृति में अन्तर बस इतना ही है कि साधक के व्यक्तित्व पर सच्ची स्थितियों का सदैव संवर्धनात्मक प्रभाव (Incremental Effect) होता है, जबकि विकृतियों का प्रभाव हमेशा ह्रासात्मक (Decremental) होता है। वैज्ञानिक अध्ययन की दृष्टि से इस विषय में सदैव सतर्क रहना उचित है, अतः जब तक इस विद्या के योग्य गुरु की प्राप्ति न हो, तब तक इसके प्रति अन्धी आस्तिकता पर नास्तिकता को ही प्रधानता प्रदान करना उचित है, यद्यपि साथ ही अन्धी नास्तिकता की अपेक्षा अन्धी आस्तिकता ही श्रेष्ठ है।

—सम्पादक

(अध्यात्म शीर्षक स्थायी लेख अगले अँक में आयेगा)

सहज मार्ग की शिक्षा पद्धति

(श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन)

पिछले अंक का शेषांक

भाई, यही अखलाक है, कहाँ तक कहा जावे इसी के लिये हमेशा प्रयत्नशील रहना चाहिये और चीज असल है। आपकी जो शक्ति दी जाती है इस चीज को सुधारने के लिये दीजाती है। यह शक्ति उस समय ज्यादा असर करती है जबकि उस शक्ति ने पूर्णरूप से प्रकृति के साथ हम-आहंगी (समरूपता) प्राप्त करली हो। जितनी अधिक समरूपता शिक्षक ने उससे पैदा करली है उतनी ही अधिक सफलता उसे दृष्टिगोचर होगी। और श्रीमान, यह वह शक्ति है जो बिना अपना असर दिखाये रह नहीं सकती। धुआँधार तवज्जह (शक्तिपात) से कमी अखलाक सँभल नहीं सकता। यह दूसरी बात है कि प्रकृति स्वयं उसको इस काम में मदद दे और अपना जैसा बना कर धीरे धीरे बहुत दिनों के बाद ले आवे। मैंने हमेशा तवज्जह, जब से मेरी आँखें खुली हैं, ऐसी ही दी है, और यही सूक्ष्म बिन्दु असलियत का हमेशा सामने रहा। यही कोशिश है कि आप सब लोग इसी हालत पर पहुँचे, ईश्वर मदद करे।

अछूता मजमून है! अफसोस किसी की आँख आज तक खुली ही नहीं। कितनी सरल चीज को कितना मुश्किल करके दिखाया है। सचमुच लोगों ने तालीम में कितनी गलतियाँ की हैं। जो शिक्षक बना उसने किसी न किसी रूप में कुछ न कुछ ठोसता के साथ ही तालीम की। यदि महत्व और भारीपन शिक्षक के खयाल में किसी रूप में शामिल हो गया, तो उसने वह ठोसता बिल्कुल अभ्यासी के दिल में उतार दी। असर क्या हुआ, कि इसका दूर करना मुश्किल हो गया।

बच्चा जब ऐब करता है तो बाप उसको सजा देता है और झिड़कियां भी। किसलिये, कि उसका यह ऐब जो अभी उत्पन्न हुआ है दूर हो जावे (इसकी जड़ इससे पहले न थी।) अब इस झिड़की से असर यह होता है कि जिस जोर शोर से बच्चे ने ऐब शुरू किया है उतने ही जोर शोर से उसको झिड़की मिलती है, नतीजा यह होता है कि जैसे कपड़े पर मिट्टी लिपट गई हो और उसमें हाथ मारने से वह झड़ जाती है और कपड़ा साफ हो जाता है, यहां तक कि उसमें

निशान तक बाकी नहीं रहता। यह बात अगर दुनियांदारी में न बरती जावे तो उसका नतीजा यह हो कि वह चीज जड़ पकड़ लेवे और उसको इसी कार्य का अभ्यस्त बना दे। किन्तु भाई, यदि किसी बच्चे ने दैवयोग से यह झिड़कियां सहन न कीं और अपनी उस हालत को मजबूत (सुदृढ़) कर लिया तो उसका इलाज वही है जो मैं आध्यात्मिकता के शिक्षक के लिये आवश्यक समझ कर लिख चुका हूं। अब अगर वही झिड़कियां ऐसे व्यक्ति पर उसी रूप में दी जावें, जिसने अपने इस ऐब को मजबूत कर लिया है, तो इन झिड़कियों का अन्दाज उसके ऐब पर आवाज के प्रकम्पन (*Viberation*) के द्वारा शक्ति का काम देगा, जिससे हालत और बिगड़ने की संभावना है। कहीं ईश्वर की इच्छा अथवा सौभाग्य उसका साथ दे और उसको यह झलक दिखाई दे जावे कि यह ऐब ऐसा है कि इसको करना बुरी बात है तो उस पर बहुत कुछ असर पड़ेगा। किन्तु श्रीमान ऐसा प्रभाव हमेशा उसकी हल्की हालत से होगा जो इसकी जड़ उखाड़ने में मदद देती है। नतीजा क्या निकला ? वही सरलता, वही हल्कापन वही स्थिरता (Calmness) जिससे आदमी खुद बनता है, दूसरों को भी उससे बना सकता है। जितनी उसमें कमी है उतनी ही जिस व्यक्ति को वह बनायगा उसमें कमी रहेगी। यह और बात है कि सर्वशक्तिमान प्रकृति को उमड़ कर कहीं रहम आ जावे और वह अपनी कृपा से अपनी धार उस ओर फेर दे और इस प्रकार पापात्मा संभल जावे।

यह सब बातें सम्पूर्ण अभ्यास का निचोड़ है, जो आपको प्राप्त करना है। अखलाक एक बहुत व्यापक वस्तु है जिसमें हर प्रकार की अकृत्रिमता शामिल है और इसके दायरे में प्रत्येक एनदाली कैफियत (सम अवस्था) आती है, जो सृष्टि के आरम्भ में थी। अब एक बात मैं अवश्य लिखूंगा जिसके करने से अखलाकी हालत दूसरों पर झलकने लगेगी और हम सबको फायदा होगा। बातचीत का तरीका निहायत मुलायम, बिना उतार-चढ़ाव के होना चाहिये। उसकी शक्ल बहती हुई होना चाहिये अर्थात् जैसी कि प्रकृति की धार बह रही है वही ढंग होना चाहिये अर्थात् एकसार। इससे शब्दों को जीवन मिलता है इसलिये कि उनका बहाव जब प्रकृति की धार से मिल जुल जाता है या दूसरे शब्दों में उससे (हम-आहन्ग) समरूप हो जाता है तो उसमें ताकत पैदा होती है और भाषण में असर पैदा हो जाता है। जिन

महानुभावों को हमारे गुरूमहाराज के सम्पर्क का सौभाग्य मिला उनको यह बात आपने इन्तहाई दर्जे पर मिली होगी। हर बात का नतीजा यह निकला है कि हमको अपनी ऐसी ही हालत बनाना चाहिये जिस हालत को लेकर सृष्टि के आदि में हम आये हैं। और जब यह बात सिद्ध हो जावे तो इसके आगे वह गुत्थी सुलझाना चाहिये जो हमारे आने का कारण बनी है अर्थात् यह हालत जो आने का कारण हुई है और इसके बाद वाली हालत जो फना (लय) का कारण होगी प्राप्त करना चाहिये।

यह फनाइमत (लय अवस्था) जो मेरा यह लेख व्यक्त करता है, यही असल है और इसी ओर हम सबको आना है। यह लय अवस्था ऐसी है कि इसके आगे बका (स्थिर दशा) ही बचा है। कोई परदा उसके बाद बीच में पड़ा नहीं रह जाता। किन्तु यह अन्त नहीं है। ईश्वर जाने कितना हमको और जाना है और वहाँ पहुँच कर न मालूम कितनी तैराकी और करना है इसकी कोई सीमा नहीं, और न अपने हाथ में है। अपना हाथ इससे पहले खतम हो चुका और सचमुच हाथ हाथ ही नहीं रहा। अब उड़ान समाप्त हो चुकी, पर झड़ गये और सचमुच हमने अपने आपको उसे समर्पित कर दिया। अब केवल उस समुद्र में मिल जाना शेष रह जाता है। और यह धीरे धीरे उस तड़प के असर से, जिसको मैं बराबर पहले लिख चुका हूँ, होता है, यद्यपि बेचैनी और तड़प इस हालत पर पहुंचते ही समाप्त हो जाती है। किन्तु जो अभ्यास कि हमने किया है, उसका असर हमको तैराकी में मदद देता है। उद्देश्य सिद्ध हो गया, सरलता पहले ही प्राप्त हो गई। तैराकी भी अनततः गन्तव्य है और यह समाप्त नहीं हुई—कोई सीमा नहीं कि कहाँ तक जाना है। भाई इस हालत से पहले सरलता की हालत मालिक की और समीपता का अनुमान कराती है, और यह तैराकी इस बात का एहसास दिलाती है कि अब हमको उस अगाध और तट हीन समुद्र में जो एक असीम अक्षुण्ण और अनथक चीज है उसमें अपने आपको पेवस्त) प्रविष्ट) कर देना है, यह पेवस्तगी बराबर जारी रहती है। सचमुच यह असलियत है। किन्तु, उसमें समा जाना बाकी रह जाता है और इसमें भी स्थितियों (Stages) का अन्त नहीं होता किन्तु यहाँ की स्थितियां इसके पहले वाली स्थितियों से बिल्कुल भिन्न होती है। यहां फना और बका का

गुजर नहीं। यहां पर आदमी बेअख्तियार (विवश) पुकार उठता है कि "बस जो है सो है।" मुक्त आत्मायें अगणित हैं किन्तु उनकी तैराकी इस महा समुद्र में हो रही है। जो जितना ही अधिक भीतर पैठ सका उतना ही उसके दरजे का अनुमान होता है। भाई, मेरी यह तीव्र इच्छा है कि आप सब लोग इस हालत को प्राप्त करें। सच पूछो तो मैंने इस समय ऐसी बातें खोल कर रख दी है जो शब्दों द्वारा व्यक्त नहीं होती। जो इस हालत को पहुँचे वह इसका दृश्य देखे और भाई देखे क्या दृश्य शब्द तो इसके पहले ही खतम हो चुकता है। क्या आप महानुभावों में से कोई ऐसी हिम्मतर खते हैं कि यह हालत आपको जिन्दगी में ही नसीब हो जावे। यह हालत हमारे गुरू महाराज को अपने नई तरीका और अन्वेषण से नसीब हुई थी जो दूसरों को शरीर छोड़ने के बाद नसीब होती है।

यह तरीका आज तक सिवाय हमारे गुरू महाराज के किसी ने ईजाद (अन्वेषित) नहीं किया, और न हो सका। भाई, आप लोगों की भलाई के लिये हमारे गुरू महाराज ने क्या क्या नहीं किया? जहां तक आप कर सके सब खोल कर रख दिया, किन्तु इस अमूल्य वस्तु की कीमत कौन अदा कर सकता है—वही जो अपने इरादे को इतना दृढ़ बना ले और जात (असल) से हम आहन्गी अख्तियार कर लें। ईश्वर वह समय लाये कि आप सबको यह बात इस जिन्दगी में ही प्राप्त हो जावे और विश्वास कीजिये कि यह बात कोई मुश्किल चीज नहीं है, इससे आसान कोई चीज दुनियां में ईजाद ही नहीं हुई और न हो सकती है केवल देखने में यह चीज बहुत मुश्किल मालूम होती है किन्तु वास्तव में ऐसा नहीं है, बस थोड़ा सा अपने आपको उस ओर मोड़ देने की जरूरत है। हमेशा, यदि किसी चीज को आप देखना चाहें तो उस तरफ सब से पहले आपको निगाह करना होगी और फिर उस तरफ खिंच जाना होगा। खिंचने के बाद सिवा तैराकी जितनी भी आप कर सकें, और कोई चीज करने को शेष नहीं रह जाती। क्या अजब है कि आपको तालीम करना पड़े और न जाने कितने ऐसे लोग मेरे सौभाग्य से बन जावें जिनको यही काम करना पड़े इसलिये बहुत सी बातें इस खत में मैंने आपके समझने और जानने और अमल करने के लिये लिख दीं।

(समाप्त) —एक शिक्षक को लिखा गया पत्र

अनन्त यात्रा

[इस स्थायी स्तम्भ का उद्देश्य साधकों की आध्यात्मिक प्रगति का विवरणात्मक चित्र प्रस्तुत करके ब्रह्म-विद्या सुव्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के लिए सुलभ करना है। एतदर्थ श्रद्धेय 'बाबू जी' के साथ एक श्रेष्ठ एवं संवेदनशील अभ्यासी के पत्र-व्यवहार का क्रमशः प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रों के केवल वही अंश प्रकाशित किये जारहे हैं, जो आध्यात्मिक स्थितियों के अनुभव से सम्बन्धित हैं। अभ्यासी का नाम आदि व्यक्तिगत बातें प्रकाशित नहीं की जा रही हैं।

—सम्पादक]

(क्रमागत)

(पत्र संख्या ४७)

श्री बाबू जी का उत्तर

प्रिय.....खुश रहो।

तुम्हारा पत्र आया था उसका जवाब .....के पते से भेज चुका हूँ। अब तुम्हारा दूसरा पत्र तारीख २६ का लिखा हुआ मिला। तुमने जो कुछ लिखा है कि "मन तो "मालिक" की याद से बिल्कुल घायल हो गया है; परन्तु मैं तो यह कहूँगा कि इन घावों को पालने में है कोई अजीब मस्ती, परन्तु यह घाव बहुत ही छुपे और गहरे होते हैं जिनका उभार ऊपर नहीं आने पाता।" यह बात तुमने बड़ी सही लिखी है। अगर कोई तरकीब तुम्हारी समझ में आ जावे कि छिपा हुआ घाव ऐसा उभर आवे कि अभ्यासी को प्रतीत होने लगे तो जरूर लिखना।

असल बात तो यह है कि शौक कम होने की वजह से उन्हें यह महसूस नहीं होता। अब शौक कैसे पैदा हो? इसकी तरकीब मैं बताता हूं अगर कोई करना चाहे। मैं जो तबज्जह देता हूँ वह बिल्कुल

खालिस होती है। उसमें न उभार होता है और न माया का लेशमात्र लगाव। वह ऐसी चीज है कि उसमें सिवाय शान्ति और हल्केपन के कोई चीज अनुभव नहीं होती, न प्रेम, न भक्ति। जो ईश्वरीय-हालत है, ठीकमठीक वही आती है और जितना काम यह बना सकती है और दूसरी तवज्जह नहीं बना सकती। मैं इस किस्म की तवज्जह देने में इसलिये मजबूर हूं कि मेरे 'मालिक' ने मुझको इसी हालत में बिल्कुल लय कर दिया है। ऐसे लोग मौजूद हैं जिनकी तवज्जह से अभ्यासी को जोर प्रतीत होता है और वे उस चीज को अच्छा समझते हैं इसलिये कि खालिस चीज जो वाकई चीज है उनको एहसास नहीं होती। मेरी हालत जैसी कुछ भी है, इसको देखकर मुझको हर शख्स इतना Judge नहीं कर सकता जितना कि मेरे 'मालिक' ने वाकई मुझे बनाया है और लोग इस वजह से अक्सर धोखा खाते हैं। अब इसका मेरे पास क्या इलाज है कि लोग हलुवा खिलाने से खुश न हों और चने चबाने से खुश हों।

तुमने जो भी हालत लिखी है ईश्वर की कृपा से अच्छी है। हृदय-चक्र की सैर बहुत अच्छी और काफी हो चुकी है। मैं इसको स्पष्ट रूप से और देखना चाहता हूँ अभी इस चीज को और बढ़ाने का जी चाहता है ताकि कोई कैफियत ऐसी न रह जाये जो पूरी तौर से न खुल जाये। सबको दुआ कहना।

तुम्हारा शुभचिन्तक
"रामचन्द्र"

(पत्र संख्या ४८)

परम पूज्य एवं श्रद्धेय "श्री बाबू जी"
सादर प्रणाम।

कृपा-पत्र आपके दो मिले, एक जो पूज्य.....के पते से भेजा था। अब तो यह दशा है कि यह पता नहीं रहता कि रात में सोया था या नहीं। सोकर उठने पर यह नहीं मालूम पड़ता है कि मैं सोकर उठा हूं। अब तो यह भी पता नहीं रहता कि कब दिन बीत

गया और कब रात आई और बीत गई। कुछ यह भी हो गया है कि कभी कभी हर चीज से बिल्कुल एका सा लगता है। Sitting लेते २ यह भूल जाता हूं कि Sitting ले रहा हूँ। कभी कभी सोते से एकदम हड़बड़ा कर उठ बैठता हूं कि बहुत देर हो गई परन्तु आँख खोलने पर देखता हूं कि कुछ देर नहीं होती। मैंने जो शरीर की रेंगन के बारे में लिखा था वह गुदगुदी सी पैदा करती थी परन्तु अब तो वह बात नहीं के बराबर है। बस दिन में एक आध बार कभी माथे व कभी नाभि के पास मालूम पड़ती है।

'आपके' पत्र में यह पढ़ कर अत्यन्त प्रसन्नता हुई कि हमारे यहां कोई रुकता नहीं। अब तो यही आशा हो गई है कि 'मालिक' की अहैतुकी कृपा से आगे बढ़ता जाऊँगा। आप सा सहायक पाकर भला मैं क्योंकर रुक सकता हूँ। मैं तो कोटि कोटि धन्यवाद अपने समर्थ लाला जी साहब (आपके गुरू महाराज जी) की देता हूं कि जिन्होंने कृपा कर हम ऐसे दीन सांसारिक प्राणी को आप जैसा मालिक दिया जिसकी कृपा से हम इस अथाह भव-सागर को बिना परिश्रम के पार कर जायेंगे। जो उपमा आपके गुरू महाराज के लिये दी जाती है वही आपके लिये भी उचित है कि:—

'इन सम ये उपमा उर आनी, कबि-कुल अगम करम मन बानी।'

आपका वरद्-हस्त एवं कृपा-दृष्टि साथ रहे जिससे इस गरीब का भी बेड़ा पार हो जायेगा। अब तो मेरे चित्त में कोई ग्लानि नहीं है बल्कि उत्साह है। हाँ, एक कुछ यह हो गया है कि अब अपनी गरीबी की कुछ याद ही नहीं रहती या यों कह लीजिये कि वह मुझसे किनारा सा करने लगी है।

दूसरे पत्र में मैंने जो मन के घायल होने की बात लिखी थी उसका मतलब केवल मेरा यही था कि भला अच्छा भला आदमी घायल क्यों होना चाहिये। पूज्य श्री बाबू जी मिशन तो आपका अवश्य और शीघ्र उन्नति करेगा। यह तो हमारा दोष है कि हम अपने शौक की कमी के कारण उस हलुवे की मिठास को नहीं पहि-

चानते कि जो आपकी Sitting द्वारा हमें मिलती है। अब तो देखने पर मैं यही कहूंगा कि उस उभार से यह धीमी आग लाख दरजे भली है। दूसरे मैं बचपन से ही मिठाई का बहुत शौकीन भी हूँ। मुझे तो आपकी Sitting जिसमें कि वास्तव में शान्ति व हल्कापन कूट कूट कर भरा है बहुत आराम देती है। मेरी तो यही प्रार्थना है कि मुझे तो जैसे ले जाना चाहते हैं वैसे ही ले चलिये। जो चीज आप बढ़ाना चाहते हैं सो बढ़ा दीजिये केवल बस चने न चबवाइयेगा क्यों कि मेरे दाँत भी बहुत कमजोर हैं। आपकी दीन, हीन संतान

(पत्र संख्या ४६)

परम पूज्य तथा श्रद्धेय श्री बाबू जी,

सादर प्रणाम।

मेरा एक पत्र 'आपको' मिला होगा। मेरी दशा तो यह है कि इसका तो अब केवल एक ख्याल ही रह गया है कि सब काम 'मालिक' ही कर रहे हैं और अब इस ख्याल का भी बार बार ख्याल करना पड़ता है। तबियत में बड़ा हल्कापन और मुलायमपन रहता है। कुछ यह हो गया है कि जब कहीं जाता हूं और कोई 'बाबू जी' का नाम लेता है तो न जाने क्या हो जाता है कि एकदम ऐसा मालुम होता है कि मेरे सारे शरीर से तमाम पवित्रता निकल कर फैल रही है। इधर तीन, चार दिनों से तबियत में रूखापन बढ़ गया है। यद्यपि पहले यह कभी कभी होता था परन्तु अब तो दिन भर की यही दशा हो गई है। मैंने किसी पत्र में 'आपको' लिखा था कि 'यह याद नहीं रहती कि मुझे अपने 'मालिक' की याद थी या नहीं', परन्तु अब तो यह हो गया है कि 'उसकी' याद की भी याद नहीं रहती है। जब जब याद करने की याद भूल जाती है तो कभी कभी झुँझलाहट आ जाती है। ध्यान में भी बैठने की दशा में कोई विशेष अन्तर नहीं दीखता है। इसलिए कभी कभी तो तबियत यह चाहती है कि क्या करूं ध्यान में बैठ कर। परन्तु आदत के अनुसार जो और जितनी भी पूजा करता आया हूं उतनी ही बल्कि उससे अधिक ही प्रयत्न रहता है और करता रहूंगा। विशेष दशा तो यही है कि तबियत बिल्कुल रूखी हो गई है।

आपकी दीन, हीन संतान

(क्रमशः) .....

"सुख तो है लेकिन चैन नहीं"

(कुमारी कस्तूरी चतुर्वेदी)

अचानक वीणा के तार झनझना उठे। उसके वीणा-वादन में बड़ा ही आकर्षण था। उस वीणा के स्वरलाप की मोहनी रागिनी जिसके ही कानों में पड़ती है वही विभोर हो उठता।

और ?

और उसके वादन करने वाले के दर्शन कर सबके मन-मयूर नाच उठते। उन उँगलियों में वह जादू था जो वीणा के तारों पर पड़ते ही मानों मोहनी-मंत्र फूँक देतीं।

वह भी चली आरही थी।

"भुवन ! सुन तो कितना सुमधुर वीणा-वादन है। भइया कान लगा कि यह ध्वनि किधर से आरही है ? रुका नहीं जारहा है'। ऐसा लगता है कि मन बरबस खिंचता चला जाता है।"

"माँ, होगा ! हमें क्या ! वीणा बजती है तो बजने दे। तार झनझनाते हैं, कानों में पड़ते हैं तो पड़ने दे। गरीबों को किसी सुमधुर आलाप से क्या मतलब ? हमारा संसार सीमित है। उससे आगे हमें डग नहीं बढ़ाना चाहिये। मन की डोर खींच ले माँ ! उधर न जाने दे। नहीं तो केवल दुःख ही दुःख हाथ लगेगा माँ ! वहां के प्रकाश से हमारी आँखें चकाचौंध हो जावेंगी, हमें दिखाई भी न पड़ेगा। फिर कैसे चलेंगे ? माँ वहाँ न चलें। रहने दे।"

"जरा सा सुन ही लेंगे तो क्या होगा, भइया ? भला फिर हमें यह ध्वनि कहाँ सुनने को मिलेगी ?"

"एक बार सुन ही लेगी तो क्या ? मन पुनः पुनः वही ध्वनि सुनने का आग्रह करेगा तो कैसे समझायेगी ? इसलिये पहले ही क्यों

न सावधान हो जा, माँ ! एक बार रस-पान कर फिर सूखा अन्न किसे रुचिकर हो सकता है ? वर्षा के बाद ताप असहनीय सा हो जाता है, पहले नहीं । मिठाई मिर्च खाने से पहले ही सुस्वाद लगती है। सोच ले, समझ ले माँ । फिर जैसी तेरी इच्छा हो ।"

किन्तु माता का मन न माना क्यों कि वह परवस जो हो चुकी थी । उसकी चेतना तो उस मोहनी तक पहुँच कर वहां कुछ खोज रही थी । पग उसी मोहक-ध्वनि का अनुसरण करते करते उसके द्वार तक जा पहुँचे और पीछे पीछे था उसका भुवन ।

एकाएक वह कुछ ठिठकी, किन्तु क्षणिक था उसका ठिठकना । अब वह प्रहरी से अनुमति लेकर जीना चढ़ रही थी । प्रहरी ने भी उसे दीन देख कर अनुमति दे दी क्योंकि उसे आदेश ही ऐसा था ।

दोनों ऊपर पहुँचे ।

अपार वैभव था । विलक्षण सजधज थी । ऐसी चमक कि आँखें चकाचौंध होने लगती थीं ।

आगे बढ़ी । देखा एक विशाल कमरे में एक अद्भुत लावण्य-मयी युवती मुस्करा रही थी । वीणा-वादन समाप्त हो चुका था परन्तु उसकी मधुर मुस्कान ने माता के मन को जीत लिया था । और बेचारा भुवन ?

वह तो सब देखता, सुनता था किन्तु उसकी स्मृति मानों सोई सी जारही थी । नेत्रों पर झिलमिल आवरण सा पड़ता जाता था । वह समझ ही नहीं पाता था कि उसे क्या हुआ जा रहा था ।

युवती ! अब भी मन्द मन्द मुस्करा रही थी ।

अचानक एक वीणा-विनिन्दित-स्वर उनके कर्ण-कुहरों में पड़ा । तब नींद से जागने की भाँति चौंक कर उन्हों ने उसकी ओर देखा, तो देखते ही रह गये । धीरे धीरे वे जागे किन्तु अपने संसार में नहीं, युवत के संसार में ।

युवती कह रही थी । "माई, क्या है, क्यों कष्ट किया ? और यह तेरा बेटा ?"

"हाँ यह मेरा बेटा, इकलौता लाल ।".....

"देख भुवन ! मैंने कहा था न कि वहाँ आनन्द ही आनन्द बरसेगा । दरिद्रता दूर हो जायेगी । कितनी अच्छी है भोली सी यह बिटिया मेरी "। कहते २ माता के हृदय में मानों वात्सल्य जाग उठा ।

भुवन मुस्करा रहा था और बिटिया भी मुस्करा रही थी ।

किन्तु दोनों मुस्कानों में अन्तर था । एक की मुस्कान हार-मिश्रित थी और दूसरी विजय-भरी ।

"माई ! तुम अब दरिद्र नहीं और न तुम्हारा लाल । अब जो मेरा वैभव है वही तुम्हारा और भुवन का । तुमने मुझे अपनाया है फिर तुम दुःखी कैसे रह सकती हो, माई ।"

भुवन बुदबुदाया, "दुखी तब नहीं थी, अकिंचन तब नहीं थी, माँ ! अब हुई ।" किन्तु उसके शब्द मानों उसी के मुख में रह गये । उन्हें किसी ने न सुना । हाँ युवती उसे देख कर मुस्करा दी । उसकी जीत जो हुई थी ।

अब उनका संसार नया था । माता पुत्र ठाठ से रहते । मखमली गद्दे, तोशक व तकिये उनका बिछौना था । अनेकों दास, दासियाँ उनके इशारे पर नाचने वाले थे । युवती तो माई को वैभव सौंप कर मानों निश्चिन्त हो गई थी ।

और माई ? प्रायः अचेतन सी उसमें लिप्त हो गई ।

और भुवन ? वह बहुधा अनमना सा दीखता तो माँ उसे भाँति भांति के ऐश्वर्य से बहलाया करती । अब उसे चिन्ता थी तो केवल एक बात की कि उसका भुवन अब बड़ा हो गया था और शिक्षित, सुन्दर युवक । युवती भी माई से अकेले में बैठ कर भुवनदा को एक नन्हीं, मुन्नी दूध के फेन सी सुकोमल युवती के आँचल से बाँधने का हठ करती । न जाने क्यों वह डरती थी तो भुवन दा से !

और भुवन निडर था तो केवल चपला बहिन से ! किन्तु यह रहस्य था जिससे माई, दास, दासियों, पास पड़ोस सभी अनभिज्ञ थे । हाँ जानता था तो भुवन का पिता ।

युवती ने दा का परिचय जानना चाहा तो उसने केवल इतना कह कर टाल दिया कि पिता के नेत्रों में बाह्य-नेत्रों के वैभव का महत्व न था, जब कि माता के लिये यह भी महत्व-मय था । सभव

है इसी कारण अचानक एक दिन कैसे उसने माँ को इसे देखने, उस महत्वाकांक्षा को पूर्ण करने के लिये वीणा के स्वर का अनुसरण कर यहाँ तक पहुंचा दिया। और पिता ? वह स्वयं कुछ न बोला किन्तु पुत्र की वाणी ने मानों उसे ऊँच-नीच सुझाया। किन्तु मां की तो चेतना ही लुप्त हो चुकी थी फिर कैसे समझती ?

और भुवन ? वह माता के निरीक्षण के ही लिये उसका साथ न छोड़ सका। यद्यपि पिता के स्मरण में उसे चैन न था। अनमना सा हो जाता था।

और युवती ? उसका तो स्वामी मानो उसे अपार वैभव की स्वामिनी बना कर अपनी दूसरी पत्नी के साथ निश्चिन्त सा हो गया था। फिर भी अद्भुत था कि दोनों में परस्पर सगी बहनों की तरह अपार स्नेह था और था भी ऐसा ही। डाह या ईर्ष्या का नाम न था, इसलिये मनोमालिन्य न था। आनन्द से दिन बीत रहे थे।

० ० ० ० ०

एक रात्रि मानों वह स्वप्न सा देख रहा था कि एक सौम्य युवती कह रही थी,

"भुवन दा ! क्या मेरे गृह में नहीं आओ गे ? कबसे तुम्हारी बाट जोह रही हुँ ? आओगे न भइया ! अनमने रहते हो फिर भी आते नहीं ?"

"अवश्य आऊँगा। किन्तु करूँ क्या, माँ तो चले। उसे छोड़कर मैं तुझ तक कैसे आऊँ। पूज्य पिता के चरणों में जाना चाहता हूँ।"

"तो भाई ! मार्ग तो इधर से ही जाता है।"

"हां ! उसे समझाऊँगा और कल प्रभात होते होते उसके बन्धन तोड़ दूँगा। वेष बदल दूँगा। बस पिता को प्यारा अकिंचन वेष धारण कर लूंगा और मस्त फकीर की तरह चल दूंगा जिसे न डेरे की चिन्ता है, न चैन का होश। बहिन धैर्य रख"

सुन्दर सुप्रभात आया। भुवन उठा। माँ सामने थी, चरण-स्पर्श किये।

"बेटा तू अनमना सा क्यों रहता है ? क्या तुझे यहां सुख नहीं

लगता ? तुझे देख कर मुझे न जाने क्यों चैन नहीं पड़ता।"

"सुख ? सुख तो अपार हैं मां।" वह गुनगुनाया।

"तेरा मुख देख कर मुझे चैन नहीं पड़ता, बेटा ! तो वहीं चलें जहाँ तुझे आनन्द हो, चैन मिले।"

बस दोनों चल पड़े।

बेटी ने बहुत रोका किन्तु माई न मानी। उसका भुवन अनमना सा था न, फिर वह कैसे मानती। अकिंचन नगरी में आनन्द की बस्ती लाँघते जाते थे। अब सुमधुर वीणा उनका मार्ग न रोक सकती थी।

घर आ गया। पुत्र ने पिता की सम्पत्ति पिता को सौंप दी। पिता मुस्कराये। उनकी जिह्वा माता-पुत्र से एक ही प्रश्न का उत्तर माँग रही थी कि "ऐश्वर्य में चैन मिला या नहीं ?

और माता ? उसकी जिह्वा पर एक ही उत्तर था।

"सुख तो है लेकिन चैन नहीं।"

और भुवन ?

वह तो मानों उन्हीं शब्दों में खोया सा जा रहा था। समस्त जड़ चेतन, समस्त वायु मण्डल इसी एक ध्वनि में बेसुध सा था कि—

"सुख तो है लेकिन चैन नहीं"

[माता से तात्पर्य बुद्धि की चंचलता से है।
भुवन से तात्पर्य आत्मा की चेतावनी से है।
भुवन के पिता से तात्पर्य ईश्वर से है।
वीणा-वादन से तात्पर्य संसार में लुभाने वाली रागिनी से है। और युवती से तात्पर्य है अविद्या-माया तथा भुवन के स्वप्न की सौम्य युवती से तात्पर्य है विद्या-माया।
प्रहरी से तात्पर्य है अविद्या-माया के द्वार पर अचेतन अवस्था।]

"पानी के प्रयोग"

काशीराम अग्रवाल

पानी के गुण कौन जानना चाहेगा ? वही जो चारों तरफ से हर प्रकार के उपचारों से निराश हो चुका है । पानी का इस्तेमाल अधिक होने के कारण प्रकृति ने दुनिया को तीन हिस्से पानी दिया है, इस लिये कि मनुष्य को पानी की आवश्यकता अधिक रहती है । मनुष्य जिसके बिना जीवित नहीं रह सकता वह चीजें प्रकृति ने मुफ्त और अधिक मात्रा में दी है, जैसे पानी, मिट्टी, धूप, हवा । लेकिन मनुष्य मुफ्त प्रकृति की देन से लाभ नहीं उठाता, इसी लिये मानव महा दुखी है और अन्त में निराश होकर प्रकृति की शरण में ही लौटता है या अपने प्राणों को बुरी तरह खो देता है । उन्हें मालूम होना चाहिये कि स्वास्थ्य बढ़िया बनाने के लिये व नये पुराने रोगों से छुटकारा पाने के लिये पानी बहुत गुणकारी सिद्ध हुआ है । पानी स्वास्थावस्था में नित्य प्रयोग में लाया ही जाता है, जैसे पानी पीना, स्नान करना आदि, लेकिन इनरोज के इस्तेमालों में भी लोग गलती करते रहते हैं । प्रात: स्थान के लिये ही लीजिये । बहुत से व्यक्ति तो किसी न किसी प्रकार दो चार लोटे पानी सर पर डालकर स्नान का नाम कर लेते हैं इस प्रकार से शरीर की सफाई अच्छी नहीं होती तथा नाड़ी मंडल पर भर सुन्दर प्रभाव नहीं पड़ता । वह नहीं जानते कि पानी और शरीर का सम्बन्ध कितना घनिष्ठ है । बगैर पानी के मनुष्य जीवित नहीं रह सकता, अगर मनुष्य कुछ दिनों स्नान न करे तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता, स्नान न करने से अनेकों रोग पैदा होजायेंगे आलस्य तो आ ही जायेगा शरीर पर मैल की तह जम जायेगी, रोम कूप बन्द होजाने से खाज, खुजली दाद, खून खराबी इत्यादि चर्म रोग होजायेंगे । इस लिये जो कभीरया कम पानी से या गर्मपानी से स्नान करते हैं वह स्वास्थ्य की रक्षा के लिये नित्य ठढे पानी

से शरीर को रगड़ रगड़ कर स्नान अधिक पानी से करें । ठंढे पानी से स्नान करने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तथा नड़ी-संस्थान एवं आंतें मजबूत होंगी, मस्तक में ताजगी, शरीर में फुर्ती रहेगी । ठंढे पानी से स्नान करने पर पहले ठंढ लगती है इस लिये कि ऊपरी त्वचा का खून ठंड की वजह से अन्दर भाग जाता है, और जब तेजी से अन्दर का खून उपरी खाली जगह को भरने के लिये इधर उधर से आता है तो स्नान के बाद शरीर में गर्मी रहती है । जब गर्म पानी से स्नान करते हैं तो अन्दर का खून उपरी त्वचा पर आजाता है इसलिये स्नान के समय हमें शरीर में गर्मी मालूम होती है और जब अन्दर की खाली जगह को भरने के लिये ऊपर का खून तेजी से अन्दर भाग जाता है तो गर्म पानी से स्नान करने के बाद हमें ठंड लगती है । इस लिये ठंडे पानी से स्नान हर मौसम में करना चाहिये ।

पानी पीने में भी लोग बहुत गलतियाँ किया करते हैं, जैसे कम पानी पीना, गन्दा पानी पीना बहुत देर का धूल आदि पड़ा हुआ पानी पीना । पानी कम पीने से भी कब्ज होजाता है, आसाम में हमारे पड़ोसी लच्छीराम जी को खूनी बवासीर रोग था वह इस रोग के मारे बड़े परेशान थे उस समय मैं आरोग्य मन्दिर गोरखपुर से अपना इलाज कराकर आया था मुझे रोगों के बारे में कुछ मामूली जानकारी भी होगई थी, मैंने उनको खूब पानी पीने को बताया, कुछ दिनों के बाद उन्होंने बताया कि उनका भयंकर रोग पानी अधिक पीने से ही चला गया । पानी दिन भर में २-२॥ सेर अवश्य ही पीना चाहिये, क्योंकि पानी शरीर के अन्दर पहुँचकर खून की गर्मी को शान्त करता है और हमारे शरीर की गन्दगी का बहुत सा हिस्सा बाहर निकालता है, इस लिये पानी खूब पीना चाहिये । लेकिन जो लोग भोजन के साथ पानी पीते हैं वह नुकसानदायक है, पानी भोजन के एक घन्टा पहले या भोजन के घन्टे बाद पानी पीना चाहिये । भोजन के समय प्यास उन लोगों को ही ज्यादा लगती है जो मिर्च, मसाले, चटनी मजेदार चीजें खाते हैं या जिनके पेट में गर्मी अधिक है ।

पानी प्रात:काल खाट से उठते ही एक गिलास अवश्य ही पीना

चाहिये, इसे उषःपान भी कहते हैं जिसकी बड़ी तारीफ लिखी है। उषःपान स्वास्थ्य के लिये एक अच्छी आदत है, और यह अजमाने से पता लग जायेगा कि प्रातःकाल पानी पीने वाला व्यक्ति कब्ज का रोगी नहीं रह सकता। साथ-साथ खान पहरान भी ठीक रखना आवश्यक है।

प्राकृतिक चिकित्सा में पानी का प्रयोग बहुत से रूपों में किया जाता है—जैसे कटि स्नान, उपस्थ स्नान भाप स्नान, गर्म ठंठा स्नान, सारे शरीर की ठडी पट्टी पैरों का गर्म स्नान इत्यादि। सब का अलग अलग विस्तार से विवरण इस छोटे से लेख में नहीं लिखा जा सकमा। फिर भी खास खास बातें जो लोगों पर प्रयोग किया है वह इस ख्याल से लिख रहा हूँ कि लोग अपना जीवन दवाओं के सहारे न चलाये बल्कि प्राकृतिक जीवन व्यतीत कर हमेशा आरोग्य रहें।

आधुनिक विशेषज्ञों ने भी यह सिद्ध कर दिया है कि पानी में रोग निवारण की अद्भुत शक्ति मौजूद है। और मैंने बड़े बड़े अस्पतालों में भी देखा है कि बुखार-सर दर्द आदि की हालतों में पानी का सहारा लेने लगे हैं—और जुलाब आदि न देकर एनिता का प्रयोग करने लगे हैं।

मैंने अपने दो वर्षीय लड़के पर १०६.५ डिगरी बुखार में सारे शरीर को गीली पट्टी का प्रयोग किया हैं ऐसी भयंकर हालत में पानी की ठडी पट्टी देख कर लोग चकित रह गये और वह मेरी बेवकूफी पर हँसने लगे। अगर किसी दूसरे पर ऐसा प्रयोग करता तो आश्चर्य नहीं था कि लोग मुझे पीट बैठते। अपने घर पर रहा था इसलिये मूखता पर हँसने के अलावा कोई चारा न था। यहां तक कि मेरे पूज्य पिता जी मुझ से काफी नाराज हो गये इसलिये कि लड़के के हाथ पांव ठंडे हो गये थे बुखार इतना तेज था कि लड़का आखिरी सांसे ले रहा था बुखार भी १०६.५ डिगरी से कम नहीं हो रहा था। पूज्य पिता जी डाक्टर को बुलाना चाहते थे मैं प्रकृति की शरण लेना चाहता था। मैंने पिता जी की नाराजगी पर भी लड़के को नंगा करके ठंडी गीली चद्दर सारे शरीर पर लपेट दी और ऊपर से एक कम्बल लपेट

दिया—इस प्रकार सारे शरीर की गीली पट्टी से ३-४ डिगरी बुखार कम हो गया दूसरे दिन १०१ डिगरी बुखार था वह ठंडे पानी के स्पंज से जड़ से चला गया।

सारे शरीर की गीली पट्टी का प्रयोग एक पुराने पेशाब रोगी पर भी किया जिसको जलन के साथ पेशाब होता था आश्चर्यजनक लाभ हुआ। सारे शरीर की गीली (ठंडी) पट्टी-खाज-खुजली हर प्रकार के तेज बुखार की हालतो में स्नायु दुर्बलता में नये-पुराने जुकाम की हालतों में शरीर में बढ़ी गर्मी पर यह पट्टी जादू जैसा काम करती है और रोगों को जड़ से खोती है। साथ साथ पुराने रोगों में भोजन सुधार भी आवश्यक होना है।

उपरोक्त पेशाब रोगी को गर्म ठंढे पानी टब स्नान भी महीने भर लगभग दिया गया-पेशाब के रास्ते अन्दर से पथरी के कण भी निकले।

इस रोगी को बीच में उपवास भी कराना पड़ा। उपवास में अचानक दवाओं का उभार बुखार के रूप में आया। बुखार तेज होने के कारण रोगी बेहोश पड़ा था, सब घर वाले घबराये हुये थे उस समय १५ मिनट ठडे पानी का स्पंज किया, उसे स्पंज के बाद होश आ गया बुखार १०४° से १००° पर आगया।

हमारे पड़ोस में एक ७—८ वर्षीय लड़की को दौरा आगया और वह बेहोश पड़ी थी, मुख में झाग भरे थे, डाक्टर को बुलाया गया, वह अपने कामों में आला लगा कर रोगी को देख रहा था घरवाले सब परेशान थे डाक्टर बेचारा नया ही था, वह न समझ सका यह क्या रोग है वह रोग को जानना चाहता था उधर लड़की की हालत बिगड़ती जा रही थी, मुझे डाक्टर साहेब पर आश्चर्य हो रहा था कि वह अभी तक रोग का नाम न रख पाये। साधारण व्यक्ति भी जान सकता है। दौरा दिल का रोग है, खून की गति में गड़बड़ी होजाने का नाम दौरा है। डाक्टर साहेब एक व्यक्ति को अपनी दुकान पर दवा देने के लिये ले गये, तब तक मैं रोगी के मुख पर तथा सरपर ठंडा पानी बराबर ५ मिनट तक डालता रहा मुख पर ठंडे पानी के छींटे भी देता रहा कुछ

देर बाद ही लड़की ने आँखे खोल दी, बुखार भी था, वह भी पानी के प्रयोग से भाग गया, तब तक डाक्टर की दवा आगई जो ठीक होने पर क्या काम करती ।

ठंडे पानी का प्रयोग पुराने से पुराने रोगों पर आश्चर्यजनक लाभ करता है, लोग अजमाकर तो देखें कि यह मुफ्त की दवा रोगों को किस प्रकार खो देती है ।

ठंडा टब स्नान:—स्त्रियों के मासिक धर्म की गड़बड़ी, श्वेत प्रदर आदि में और पुरुषों के पेशाब रोगों में तथा आँतों की जलन, सूजन घाव, हर प्रकार के पेट के रोगों पर तथा अन्य रोगों पर बड़ा लाभदायक सिद्ध हुआ है । टब स्नान से वह रोग दूर हुये हैं, जिसको डाक्टर लोग जवाब दे गये थे । मैंने इसका प्रयोग महीनों किया है और २-४ रोगियों पर भी अजमाया है ।

उपस्थ स्नान—स्नायु सम्बन्धी रोगों पर बड़ा अच्छा असर करता है, हिस्टीरिया, मिर्गी, लकवा, गठिया, दुर्बलता में यह स्नान बहुत लाभदायक होता है । इन टब स्नानों की विधि यहाँ नहीं लिख सका ।

भाप स्नान:—शरीर के हर प्रकार के दर्दों में सूजन में, दमा में, कभी-कभी बुखार की हालतों में भी इसका प्रयोग होता है, दमे के रोगियों पर मैंने आजमाया है । पूर्ण लाभ तो भोजन सुधारने पर ही हुआ है ।

पानी का प्रयोग बहुत प्राचीन काल से होता आ रहा है वर्ष में एक बार गंगा स्नान आता ही है-हजारों लोग धर्म के लोभ में जबरन ठंडे पानी में स्नान कर ही लेते हैं और हथ्तों ठहर कर कर आते हैं, तथा मन्दिरों में तांबे के बर्तन में चर्णामृत बना कर देते हैं । उसमें तुलसी का पत्ता भी होता है । क्या किसी ने यह भी समझने की चेष्टा की है कि इस चर्णामृत का असली अर्थ क्या है । क्या किसी ने यह समझने की चेष्टा की है कि इस चर्णामृम का असली अर्थ क्या है ? चर्णामृत तो लोहे या चाँदी के बरतनों में भी बनाया जा

सकता है, मगर भाई असली अर्थ तो यह स्वास्थ्य रक्षा के ही हैं । तांबे के बर्तन में जल रखने से तमाम गन्दे कीटाणु उसके ससर से मर जाते हैं और पानी निरोग्य हो जाता है । इस प्रकार प्रात:काल का आचमन शरीर में अमृत का काम करता है स्वास्थ्य के नाम से इस प्रकार कोई नहीं लेना चाहेगा इसलिये इस प्रथा को धर्म का रूप दिया गया । तुलसीदल पेट में जाने से कफ वायु को नाश करता है और पेट के दूषित कीटाणु तुलसी पत्ते से मर जाते हैं तुलसी एवं गंगा स्नान आदि स्वास्थ्य रक्षा के साधन होने के कारण उन्हें धर्म के नाम से प्रचलित किया गया ।

❀ भजन ❀

साधौ, नैन फोरि कहँ जाना !
डगर-डगर सब नगर-नगर फिरि पायो कहुं न ठिकाना ।
ऐसी ठौर चलि बैठि रहौं अब, जहँ नहिं आना जाना ॥१॥
सूर्य न उपजत, चंद न उमगत, पृथ्वी नभ बिसराना ।
हाथ न पाँव न भूखी प्यासी, अन्तर पीर पुराना ॥२॥
ब्रह्मा घूम्यो हिरना बिसरयो पिंडउ गयो हिराना ।
जो ज्ञानी सिरमौर सराहत, वहे धुआँ अनुमाना ॥३॥
थकी न चालत जनम जनम से खोजत ठौर ठिकाना ।
नाच-नाच अब 'संध्या' गावन 'राम मिले, सुख माना' ॥४॥

—'संध्या'

॥ स्तवन ॥

यस्तूर्णनाभ इव तन्तुभिः प्रधानजैस्स्वभावतः
देव एकः स्वमावृणोति स नो दधात् ब्रह्माप्ययम् ॥
यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदोश्च प्रहिणोति तस्मै ।
तं हि देवमात्म बुद्धि प्रकाशं मुमुक्षुवै शरणमहं प्रपद्ये ॥

[नाभि में जाला रखने वाली मकड़ी की भांति—
स्वभाव से ही प्रधान (प्रकृति) से उत्पन्न तन्तुओं द्वारा—
जो अपने को आवृत कर लेता है, वह एक देव हमें अन्यय ब्रह्म की प्राप्ति कराये ।
जो ब्रह्मा को पहले (ही) उत्पन्न करता है,
और जो वेदों को उसके लिये प्रेरित करता है,
उस आत्म वृद्धि प्रकाश रूप देव की—
मैं मोक्ष प्राप्ति के लिये शरण ग्रहण करूँ ।]

श्वेताश्वेतर उपनिषद

[Who like the spider with the meshes—
Emanating from His own aspect, the Primordial Nature,
